भोजन मिल सके और वे भूख से पीड़ित न हों। * इसके लिए गांधीजी ने कुटीर उद्योगों जैसे- गुड़ बनाना, घास कूटना, तेल पेरना, कागज बनाना, चमड़े का काम आदि पर जोर दिया। * इससे गांधीजी का मानना था कि गरीबों और शोषितों का आर्थिक और सामाजिक सुधार करने में मदद मिलेगी। *30 जनवरी, 1948 को नाथूराम गोडसे ने गांधीजी को गोली मार दी। * उनकी मृत्यु पर भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री **पं. जवाहरलाल नेहरू** ने कहा था–''हमारे जीवन से प्रकाश चला गया है। हमारे चतुर्दिक अंधकार ही अंधकार है, मैं नहीं समझ पा रहा हूं कि आपसे क्या कहूं और कैसे कहूं? राष्ट्रपिता, जिन्हें हम प्यार से 'बापू' कहते थे, हमारे बीच नहीं रहे...।''

## प्रश्नकोश

**1. करमचंद गांधी दीवान थे–**

(a) पोरबंदर के (b) राजकोट के
(c) वंकानेर के (d) उपर्युक्त सभी राज्यों के

**U.P P.C.S. (Pre) 2001**

**उत्तर–(d)**

करमचंद गांधी पोरबंदर, राजकोट एवं वंकानेर राज्यों के दीवान थे। ये गांधीजी के पिता थे। इनका उपनाम कबा (Kaba) गांधी था।

**2. निम्न में से किस कॉलेज में गांधीजी ने पढ़ाई की थी?**

(a) शामलदास कॉलेज, भावनगर
(b) धर्मेंद्रसिंहजी कॉलेज, राजकोट
(c) गुजरात कॉलेज, अहमदाबाद
(d) बहाउद्दीन कॉलेज, जूनागढ़
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th B.P.S.C (Pre) 2020**

**उत्तर–(a)**

महात्मा गांधी भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख नेता थे। इनकी प्रारंभिक शिक्षा पोरबंदर में संपन्न हुई। इन्होंने हाईस्कूल की शिक्षा राजकोट स्थित अल्फ्रेड हाईस्कूल से प्राप्त की थी। इसके उपरांत उन्होंने भावनगर स्थित शामलदास आर्ट कॉलेज में अपना नामांकन करवाया। इसके उपरांत इन्होंने यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन से विधि (Law) की पढ़ाई पूरी की।

**3. दक्षिण अफ्रीका में रहने की अवधि में महात्मा गांधी ने निम्न में से जिस पत्रिका का प्रकाशन किया, उसका नाम था–**

(a) नवजीवन (b) इंडिया गजट
(c) अफ्रीकनर (d) इंडियन ओपिनियन

**U.P P.C.S. (Pre) 2002**

**उत्तर–(d)**

दक्षिण अफ्रीका में गांधीजी ने 'इंडियन ओपिनियन' नामक अखबार निकाला (यह गुजराती, हिंदी, तमिल और अंग्रेजी में प्रकाशित होता था) तथा वर्ष 1904 में डरबन में 'फीनिक्स फॉर्म' की स्थापना की।

**4. महात्मा गांधी द्वारा दक्षिण अफ्रीका में प्रकाशित समाचार-पत्र का नाम क्या था?**

(a) दि इंडियन ओपिनियन (b) नेशनल हेराल्ड
(c) लीडर (d) दि पायनियर

**Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2018**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**5. फीनिक्स फॉर्म कहां है?**

(a) सूरतगढ़ (b) एसेक्स (इंग्लैंड)
(c) डरबन (द. अफ्रीका) (d) कम्पाला

**M.P. P.C.S. (Pre) 1999**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**6. एम.के. गांधी समर्थक थे–**

(a) मार्क्सवादी समाजवाद के (b) श्रेणी समाजवाद के
(c) आदर्शवाद के (d) दार्शनिक अराजकतावाद के

**U.P. Lower Sub. (Pre) 2009**

**उत्तर–(d)**

गांधीजी के विचारों में आदर्शवाद की बजाए व्यावहारिक आदर्शवाद पर अत्यधिक जोर दिया गया है। मार्क्स की तरह गांधीजी भी राज्य को हटाने की इच्छा रखते थे तथा उन्होंने स्वयं को 'दार्शनिक अराजकतावादी' (Philosophical Anarchist) कहे जाने से गुरेज नहीं किया।

**7. निम्न में से गांधीजी के रामराज्य के युगल सिद्धांत कौन थे?**

(a) छुआछूत की समाप्ति तथा नशाबंदी
(b) सत्य तथा अहिंसा
(c) खादी तथा चरखा
(d) सही लक्ष्य तथा सही उपाय

**U.P P.C.S. (Pre) 1993**

**उत्तर–(b)**

'सत्य' तथा 'अहिंसा' गांधीजी के रामराज्य के युगल सिद्धांत थे।

**8. गांधीजी की दृष्टि में अहिंसा का अर्थ है–**

(a) सत्य की प्राप्ति का रास्ता
(b) राजनीतिक स्वतंत्रता प्राप्ति का रास्ता



Scanned with OKEN Scanner

(c) ईश्वर-संस्मरण का एकमात्र रास्ता
(d) आत्मविलीनीकरण

**U.P P.C.S (Pre) 1994**

**उत्तर–(a)**

महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा को अपने सपनों के नवीन समाज का आधार बनाया। गांधीजी कहा करते थे, कि "सत्य और अहिंसा को निरपेक्ष रूप से अंगीकार करना आवश्यक है। अहिंसा मेरे धर्म का सिद्धांत है, वही मेरे कर्म का अंतिम सिद्धांत है। सत्याग्रही का अनिवार्य कर्तव्य है कि वह अहिंसा द्वारा सत्य का साक्षात्कार करने का प्रयत्न करे।"

**9. गांधी के संदर्भ में निम्न में से कौन-सा सही है?**

(a) बिना मार्क्सवाद के मार्क्सवादी
(b) बिना समाजवाद के समाजवादी
(c) बिना व्यक्तिवाद के व्यक्तिवादी
(d) समाजवादियों में एक व्यक्तिवादी और समाजवादियों में एक मार्क्सवादी

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2013**

**उत्तर–(d)**

गांधीजी के राज्य संबंधी विचारों को व्यवहारिक दृष्टिकोण से व्यक्तिवादी कहा जा सकता है। गांधीजी एक सच्चे समाजवादी भी थे। वे व्यक्ति के हित के साथ-साथ समाज के हित का ध्यान रखते थे। गांधीजी ने लुई फिशर से स्वयं कहा, "मैं सच्चा समाजवादी हूं। मेरे समाजवाद का अर्थ है सर्वोदय।" गांधीजी के समाजवाद में मार्क्सवाद की भी झलक मिलती है। गांधीजी स्वयं कहते थे कि "मैं उसी समस्या को सुलझाने में लगा हूं जो कि वैज्ञानिक समाजवाद के सामने है।" अत: गांधीजी को समाजवादियों में एक व्यक्तिवादी और समाजवादियों में एक मार्क्सवादी कहा जा सकता है।

**10. गांधी की सत्याग्रह रणनीति में निम्नलिखित में से किसे सबसे अंतिम स्थान प्राप्त है?**

(a) बहिष्कार (b) धरना
(c) उपवास (d) हड़ताल

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2013**

**उत्तर–(d)**

गांधीजी की सत्याग्रह रणनीति में हड़ताल को सबसे अंतिम स्थान प्राप्त था।

**11. गांधीजी के सिद्धांत के अनुसार, निम्न में से कौन-सा एक कथन सही नहीं है?**

(a) सत्याग्रही का उद्देश्य शत्रु को पराजित करना है।
(b) सत्याग्रही का शस्त्र अहिंसा है।
(c) सत्याग्रही को अपने संकल्प में दृढ़ विश्वास होना चाहिए।
(d) सत्याग्रही को विरोधियों के प्रति द्वेष भाव नहीं रखना चाहिए।

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2013**

**उत्तर–(a)**

गांधीजी के सत्याग्रह सिद्धांत में सत्याग्रही का उद्देश्य शत्रु को पराजित करना नहीं है, बल्कि उसका हृदय-परिवर्तन करके उसे अपने अनुकूल बनाना है।

**12. गांधीजी के अनुसार, हिंसा का क्रूरतम रूप है–**

(a) गरीबी का स्थायित्व
(b) गो-वध
(c) मानव हत्या
(d) महिलाओं और बच्चों का उत्पीड़न

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2015**

**उत्तर–(a)**

गांधीजी ने कहा था कि "गरीबी का स्थायित्व हिंसा का क्रूरतम रूप है" (Poverty is the Worst form of Violence)।

**13. गांधीजी ने परिवार नियोजन हेतु क्या तरीका बताया?**

(a) आत्मनियंत्रण (b) नसबंदी
(c) निरोध (d) लूप

**M.P P.C.S (Pre) 1990**

**उत्तर–(a)**

गांधीजी ने परिवार नियोजन हेतु सर्वोत्तम उपाय 'आत्मनियंत्रण' (Self Control) बताया था।

**14. गांधीजी दक्षिण अफ्रीका में कितने वर्ष रहे थे?**

(a) 20 वर्ष (b) 21 वर्ष
(c) 16 वर्ष (d) 15 वर्ष

**M.P. P.C.S. (Pre) 2010**

**उत्तर–(b)**

गांधीजी दक्षिण अफ्रीका में लगभग 21 वर्ष रहे थे। गांधीजी 24 वर्ष की उम्र में 1893 ई. में एक गुजराती व्यापारी दादा अब्दुल्ला का मुकदमा लड़ने के लिए दक्षिण अफ्रीका (डरबन) गए थे। वे जनवरी, 1915 में भारत लौटे।

**15. महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से भारत किस वर्ष में लौटे?**

(a) 1915 (b) 1917
(c) 1916 (d) 1918

**M.P P.C.S. (Pre)1997**

**उत्तर–(a)**



Scanned with OKEN Scanner

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

16. दक्षिण अफ्रीका के किस रेलवे स्टेशन पर गांधी को ट्रेन से फेंका गया था?
(a) जोहॉन्सबर्ग (b) पीटरमारित्सबर्ग
(c) डरबन (d) प्रिटोरिया
U.P.P.C.S. (Mains) 2015

उत्तर—(b)

दक्षिण अफ्रीका प्रवास के दौरान महात्मा गांधी को नस्लीय भेदभाव का सामना करना पड़ा था। एक बार ट्रेन में प्रथम श्रेणी का पास होते हुए भी उन्हें सामान्य बोगी में स्थानांतरित किया गया जिसका उन्होंने प्रतिरोध किया, जिसके फलस्वरूप उन्हें पीटरमारित्सबर्ग रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से फेंका गया था।

17. एम.के. गांधी ने निम्नलिखित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशनों में से किस एक में सर्वप्रथम भाग लिया था?
(a) लखनऊ अधिवेशन, 1916 (b) कलकत्ता अधिवेशन, 1901
(c) अमृतसर अधिवेशन, 1919 (d) नागपुर अधिवेशन, 1920
U.P. P.C.S. (Mains) 2003
U.P.P.C.S.(Spl.) (Mains) 2004

उत्तर—(b)

महात्मा गांधी ने सर्वप्रथम वर्ष 1901 में आयोजित कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में भाग लिया था।

18. भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी द्वारा स्थापित साबरमती आश्रम नगर के बाहर स्थित है—
(a) गांधीनगर (b) अहमदाबाद
(c) राजकोट (d) वर्धा
Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2005

उत्तर—(b)

महात्मा गांधी ने वर्ष 1915 में अहमदाबाद के कोचरब क्षेत्र में सत्याग्रह आश्रम की स्थापना की थी। यह आश्रम विभिन्न आर्थिक गतिविधियों के संचालन की सुविधा की दृष्टि से 17 जून, 1917 को साबरमती नदी के किनारे स्थानांतरित कर दिया गया।

19. महात्मा गांधी ने अहमदाबाद के निकट साबरमती के किनारे एक आश्रम बनाया था। इसे.......कहा जाता था।
(a) स्वाध्याय आश्रम (b) हरिजन आश्रम
(c) सत्याग्रह आश्रम (d) स्वराज आश्रम
Chhattishgarh P.C.S. (Pre) 2003

उत्तर—(c)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

20. महात्मा गांधी से संबद्ध निम्नलिखित आश्रमों में कौन सबसे पुराना है?
(a) साबरमती (b) फीनिक्स
(c) वर्धा (d) सदाकत
Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2012

उत्तर—(b)

महात्मा गांधी ने फीनिक्स (डरबन, दक्षिण अफ्रीका) में वर्ष 1904 में एक आश्रम स्थापित किया। फीनिक्स आश्रम को 27 फरवरी, 2000 को दोबारा खोला गया है। फीनिक्स महात्मा गांधी द्वारा स्थापित प्रथम आश्रम था।

21. गांधीजी ने 'सेवाधर्म' कहां अपनाया था?
(a) मुंबई (b) शांतिनिकेतन
(c) दक्षिण अफ्रीका (d) पुणे
U.P. Lower Sub. (Mains) 2015

उत्तर—(c)

दक्षिण अफ्रीका में प्रवास के दौरान महात्मा गांधी ने एक पारसी रुस्तम जी द्वारा खोले गए धर्मार्थ अस्पताल में परिचारक के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की एवं बीमार-दुखियों की सेवा का कार्य आरंभ किया। यहां पर उन्होंने कंपाउंडर के रूप में भी स्वैच्छिक सेवाएं प्रदान कीं। उन्होंने बोअर युद्ध के समय घायल सिपाहियों की देखभाल एवं सेवा कार्य भी किया था।

22. महात्मा गांधी के राजनीतिक गुरु कौन थे?
(a) सी.आर. दास (b) दादाभाई नौरोजी
(c) तिलक (d) गोपाल कृष्ण गोखले
U.P P.C.S. (Pre) 1991

उत्तर—(d)

गोखले अपने राजनैतिक दर्शन में सच्चे उदारवादी थे। वह समभाव और मृदु न्यायप्रियता में विश्वास करते थे। उन्हें पूर्ण विश्वास था कि देश का पुनरुद्धार राजनैतिक उत्तेजना के बवंडरों में नहीं हो सकता। वह साध्य और साधन दोनों की पवित्रता में विश्वास करते थे। गोखले के इन्हीं विचारों से प्रभावित होकर गांधीजी ने उन्हें अपना राजनीतिक गुरु बना लिया।

23. महात्मा गांधी के अनुसार, राजनीति का तात्पर्य था—
(a) धर्म विहीन राजनीति (b) जनकल्याण के लिए सक्रियता
(c) सत्यविहीन राजनीति (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
U.P. Lower Sub. (Mains) 2013

उत्तर—(b)



Scanned with OKEN Scanner

महात्मा गांधी राजनीति को सामाजिक उत्थान और जनकल्याण के लिए सक्रियता समझते थे। इसके संबंध में गांधीजी के द्वारा सर्वाधिक महत्वपूर्ण सुझाव राजनीति के क्षेत्र में सत्ता के विकेंद्रीकरण का दिया गया है। विकेंद्रीकृत सत्ता से उनका तात्पर्य था ग्राम पंचायतों को अपने गांवों का प्रबंध और प्रशासन करने के लिए सक्रिय करना।

**24. गांधीजी ने राजनीति का जो प्रतिमान प्रस्तुत किया है, निम्न में से कौन-सी विशेषता उसमें नहीं है?**

(a) नैतिकता (b) धर्म

(c) मानवता (d) सत्ता

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2013**

**उत्तर–(d)**

गांधीजी ने राजनीति का जो प्रतिमान प्रस्तुत किया है उसमें नैतिकता, धर्म और मानवता का समावेश था, लेकिन गांधीजी के पूर्ण आदर्श राजनीतिक व्यवस्था के अंतर्गत राज्य अर्थात सत्ता के लिए कोई स्थान नहीं था। वे राज्य विहीन समाज (Stateless Society) की स्थापना करना चाहते थे।

**25. निम्नलिखित में से किसने 'सत्याग्रह' शब्द को गढ़ा?**

(a) हरिलाल गांधी (b) महात्मा गांधी

(c) रामदास गांधी (d) मणिलाल गांधी

**U.P.P.C.S. (Mains) 2015**

**उत्तर–(b)**

महात्मा गांधीजी के भतीजे मगन लाल गांधी द्वारा 'सदाग्रह' शब्द का प्रयोग एक प्रतियोगिता में किया गया, जिसमें उनको पुरस्कार प्राप्त हुआ। सदाग्रह शब्द का अर्थ-सत्य और दृढ़ता से लिया जाता है। बाद में महात्मा गांधी ने इसमें सुधार कर इसे 'सत्याग्रह' शब्द में परिवर्तित किया। अतः स्पष्ट है कि सर्वप्रथम सत्याग्रह शब्द का प्रयोग महात्मा गांधी द्वारा किया गया था।

**26. भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान सबसे पहले सत्याग्रह किसने किया था?**

(a) सरदार पटेल (b) जवाहरलाल नेहरू

(c) विनोबा भावे (d) महात्मा गांधी

**Uttarakhand P.C.S (Pre) 2005**

**उत्तर–(d)**

सत्याग्रह का शाब्दिक अर्थ है–सत्य को मानकर किसी वस्तु के लिए आग्रह करना अथवा सत्य और अहिंसा से उत्पन्न होने वाला बल। महात्मा गांधी ने भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान वर्ष 1917 में चंपारण (बिहार) से सत्याग्रह प्रारंभ किया। यह गांधीजी का भारत में पहला सफल सत्याग्रह था।

**27. निम्न में से कौन-सा भारत में गांधीजी का प्रथम सत्याग्रह आंदोलन था, जिसमें उन्होंने सविनय अवज्ञा का प्रयोग किया?**

(a) चंपारण (b) खेड़ा

(c) अहमदाबाद (d) रौलेट सत्याग्रह

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th B.P.S.C (Pre) 2020**

**उत्तर–(a)**

चंपारण आंदोलन (1917) भारत में गांधीजी का प्रथम सत्याग्रह आंदोलन था, जिसमें उन्होंने सविनय अवज्ञा का प्रयोग किया था। 19वीं सदी के आरंभ में बिहार के चंपारण में प्रचलित 'तिनकठिया पद्धति' के विरोध स्वरूप इस सत्याग्रह का प्रारंभ किया गया था। चंपारण सत्याग्रह के उपरांत गांधीजी ने इसका प्रयोग वर्ष 1918 में अहमदाबाद की कॉटन मिल मालिकों और मजदूरों में प्लेग बोनस को लेकर छिड़े विवाद में हस्तक्षेप कर किया। वर्ष 1918 में ही गुजरात के खेड़ा में किसानों की नष्ट हुई फसलों के बावजूद ब्रिटिश सरकार द्वारा लगान में छूट न देने के कारण महात्मा गांधी ने खेड़ा सत्याग्रह का प्रारंभ किया था। ध्यातव्य है कि महात्मा गांधी द्वारा रौलेट सत्याग्रह का प्रारंभ वर्ष 1919 में ब्रिटिश सरकार द्वारा पारित 'रौलेट एक्ट' के विरोध स्वरूप किया गया था।

**28. निम्नलिखित में से मोहनदास करमचंद गांधी किसके लिए सर्वाधिक जाने जाते हैं?**

(a) भारतीय स्वतंत्रता को प्राप्त करने के लिए निष्क्रिय विरोध करने के लिए।

(b) एक इस्लामी राष्ट्र स्थापित करने की इच्छा के लिए।

(c) हिंदुओं द्वारा राजनीतिक कार्यालय करने का विरोध करने के लिए।

(d) ब्रिटिश राज को समाप्त करने की हिंसा को प्रोत्साहित करने के लिए।

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2013**

**उत्तर–(a)**

गांधीजी द्वारा दक्षिण अफ्रीका में किए गए संघर्ष को निष्क्रिय प्रतिरोध नाम दिया, गया, परंतु बाद में गांधी ने निष्क्रिय प्रतिरोध के स्थान पर सत्याग्रह शब्द चुना। भारतीय स्वतंत्रता को प्राप्त करने के लिए इसका सर्वाधिक प्रयोग किया गया, हालांकि गांधीजी ने सत्याग्रह और निष्क्रिय प्रतिरोध में अंतर किया है, निष्क्रिय प्रतिरोध एक राजनीतिक अस्त्र है, जबकि सत्याग्रह एक नैतिक शक्ति है। गांधीजी के अनुसार, सत्याग्रह निष्क्रिय प्रतिरोध से इतना ही भिन्न है जितना दक्षिणी ध्रुव उत्तरी ध्रुव से।

**29. निम्नलिखित में से किसने कहा था–**

**"विदेशी वस्त्रों की बर्बादी ही उनके साथ सर्वोत्तम व्यवहार है।"**

(a) रबींद्रनाथ टैगोर (b) महात्मा गांधी



Scanned with OKEN Scanner

(c) चितरंजन दास (d) सुभाष चंद्र बोस

U.P. P.C.S. (Pre) 2010

उत्तर—(b)

महात्मा गांधी ने विदेशी वस्त्रों को नष्ट करने को राष्ट्र के आत्मसम्मान से जोड़ते हुए कहा था कि ''विदेशी वस्त्रों की बर्बादी ही उनके साथ सर्वोत्तम व्यवहार है।''

**30. ब्रिटिश निर्मित उत्पादों का गांधी का बहिष्कार प्रभावी हुआ, क्योंकि ब्रिटेन भारत को एक बड़ा–**

(a) नौपरिवहन केंद्र समझता था।

(b) औद्योगिक केंद्र समझता था।

(c) निर्मित वस्तुओं का बाजार समझता था।

(d) खनिज संसाधनों का स्रोत समझता था।

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2013**

उत्तर—(c)

ब्रिटिश निर्मित उत्पादों का गांधी का बहिष्कार प्रभावी हुआ, क्योंकि ब्रिटेन भारत को एक बड़ा निर्मित वस्तुओं का बाजार समझता था।

**31. महात्मा गांधी के राजनीतिक जीवन की निम्नलिखित घटनाओं का कालक्रम क्या है?**

**1. चंपारण** **2. अहमदाबाद मिल हड़ताल**

**3. खेड़ा** **4. असहयोग आंदोलन**

**नीचे दिए हुए कूटों से उत्तर का चयन कीजिए–**

(a) 2, 4, 3, 1 (b) 1, 2, 3, 4

(c) 4, 3, 2, 1 (d) 3, 4, 2, 1

**I.A.S. (Pre) 1993**

**Uttarakhand P.C.S. (Pre) 2010**

उत्तर—(b)

महात्मा गांधी के राजनीतिक जीवन की प्रश्नगत घटनाओं का कालक्रम इस प्रकार है–

| घटना | | वर्ष |
|---|---|---|
| 1. चंपारण | – | 1917 |
| 2. अहमदाबाद मिल हड़ताल | – | फरवरी-मार्च, 1918 |
| 3. खेड़ा | – | मार्च, 1918 |
| 4. असहयोग आंदोलन | – | 1920-1922 |

अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।

**32. नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए निम्नलिखित घटनाओं को सही कालानुक्रम से निर्दिष्ट कीजिए–**

1. रौलेट एक्ट के विरुद्ध सत्याग्रह
2. चंपारण सत्याग्रह
3. खेड़ा किसान आंदोलन
4. अहमदाबाद मिल हड़ताल

**कूट :**

(a) 2, 4, 3, 1 (b) 1, 2, 3 4

(c) 2, 1, 4, 3 (d) 3, 2, 4, 1

**U.P.P.C.S. (Pre) 2017**

उत्तर—(a)

रौलेट एक्ट के विरुद्ध सत्याग्रह 1919
चंपारण सत्याग्रह 1917
खेड़ा किसान आंदोलन मार्च, 1918
अहमदाबाद मिल हड़ताल फरवरी, मार्च 1918

**33. निम्न में से महात्मा गांधी का भारत में पहला सत्याग्रह कौन-सा था?**

(a) अहमदाबाद (b) बारदोली

(c) चंपारण (d) वैयक्तिक

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**64th B.P.S.C. (Pre) 2018**

उत्तर—(c)

दक्षिण अफ्रीका से वर्ष 1915 में लौटने के बाद गांधीजी ने भारत में अपना प्रथम सफल सत्याग्रह बिहार के चंपारण जिले में वर्ष 1917 में किया। वर्ष 1917 में चंपारण के एक किसान राजकुमार शुक्ल ने गांधीजी से लखनऊ में भेंट की और उनसे चंपारण आने का आग्रह किया था। 19वीं सदी के आरंभ में गोरे बागान मालिकों ने चंपारण के किसानों से एक अनुबंध के आधार पर यह विनिश्चित करा लिया था कि उन्हें अपनी जमीन के 3/20वें भू-भाग पर नील की खेती करना अनिवार्य है, जिसे 'तिनकठिया पद्धति' के नाम से जाना जाता था। गोरे बागान मालिकों ने किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें अनुबंध से मुक्त करने के लिए लगान एवं अन्य गैर-कानूनी अब्वाबों (करों) की दर मनमाने ढंग से बढ़ा दी। किसानों के इसी उत्पीड़न के विरोध में गांधीजी ने चंपारन सत्याग्रह प्रारंभ किया था।

**34. निम्नलिखित कथनों में से कौन महात्मा गांधी के बारे में सही हैं?**

**1. उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा राजकोट में प्राप्त की थी।**

**2. कस्तूरबा के साथ उनका विवाह 13 वर्ष की आयु में हुआ था।**

**3. उन्होंने विधि का अध्ययन द इनर टेम्पुल, लंदन में किया था।**

**4. वे रस्किन की पुस्तक अनटू दिस लास्ट से सर्वाधिक प्रभावित हुए थे।**

**नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

**कूट :**

(a) 1 तथा 2 (b) 1, 2 तथा 3

(c) 1, 3 तथा 4 (d) 1, 2, 3 तथा 4

**U.P. P.S.C. (GIC) 2010**

उत्तर—(d)



Scanned with OKEN Scanner

मोहनदास करमचंद गांधी का जन्म 2 अक्टूबर, 1869 को गुजरात के पोरबंदर नामक स्थान पर हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा राजकोट में हुई। महात्मा गांधी का अल्पायु (13 वर्ष) में ही कस्तूरबा गांधी के साथ विवाह हुआ था। उन्होंने द इनर टेम्पुल, लंदन से बैरिस्टरी का प्रशिक्षण लिया था। महात्मा गांधी रस्किन की पुस्तक 'अनटू दिस लास्ट' से सर्वाधिक प्रभावित हुए थे।

**35. महात्मा गांधी ने कहा था कि उनकी कुछ सबसे गहन धारणाएं "अनटू दिस लास्ट" नामक पुस्तक में प्रतिबिंबित होती हैं और इस पुस्तक ने उनके जीवन को बदल डाला। इस पुस्तक का वह संदेश क्या था जिसने महात्मा गांधी को बदल डाला?**

(a) सुशिक्षित व्यक्ति का यह नैतिक दायित्व है कि वह शोषित तथा निर्धनों का उत्थान करे

(b) व्यक्ति का कल्याण सब के कल्याण में निहित है

(c) उच्च जीवन के लिए ब्रह्मचर्य तथा आध्यात्मिक चिंतन अनिवार्य है

(d) इस संदर्भ में सभी उपर्युक्त (a), (b) तथा (c) कथन सही हैं

**I.A.S. (Pre) 2011**

**उत्तर–(b)**

महात्मा गांधी ने अपने द. अफ्रीका प्रवास के दौरान जॉन रस्किन (John Ruskin) की पुस्तक 'Unto This Last' पढ़ी थी। गांधीजी ने अपनी आत्मकथा में लिखा है कि इस पुस्तक ने उनके जीवन को परिवर्तित कर दिया। इसकी समीक्षा में गांधीजी ने 3 बातों को नोट किया जिसमें प्रमुख है 'व्यक्ति का कल्याण सबके कल्याण में निहित है'।

**36. गांधीवादी विचारधारा किनसे प्रभावित रही है?**

(a) रस्किन से (b) थोरो से

(c) टॉलस्टॉय से (d) उपर्युक्त सभी से

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2013**

**उत्तर–(d)**

धर्मनिरपेक्ष लेखकों में गांधीवादी विचारधारा को थोरो, रस्किन और टॉलस्टॉय ने सबसे अधिक प्रभावित किया। गांधीजी ने थोरो से सविनय अवज्ञा और कर बंदी की प्रेरणा पाई। रस्किन से गांधीजी ने शारीरिक परिश्रम का आदर करना सीखा तथा टॉलस्टॉय के प्रसिद्ध वाक्य "ईश्वर का राज्य तुम्हारे भीतर है" से गांधीजी काफी प्रभावित हुए और यह उनके अहिंसक असहयोग का आधार बना।

**37. निम्न में से किस आंदोलन से गांधीजी संबंधित नहीं थे?**

(a) स्वदेशी आंदोलन (b) खिलाफत आंदोलन

(c) वैयक्तिक सत्याग्रह आंदोलन (d) भारत छोड़ो आंदोलन

**U.P Lower Sub. (Pre) 1998**

**उत्तर–(a)**

गांधीजी स्वदेशी आंदोलन से संबद्ध नहीं थे। स्वदेशी आंदोलन वर्ष 1905 में बंगाल विभाजन के विरोध में हुआ था, उस समय महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका में थे।

**38. निम्नलिखित सत्याग्रहों में से किसका नेतृत्व महात्मा गांधी ने नहीं किया था?**

(a) भारत छोड़ो आंदोलन (b) सविनय अवज्ञा

(c) बारदोली (d) खेड़ा

**U.P P.C.S. (Pre) 2005**

**उत्तर–(c)**

गांधीजी ने खेड़ा सत्याग्रह (1918), सविनय अवज्ञा आंदोलन (1930) और भारत छोड़ो आंदोलन (1942) का नेतृत्व किया, जबकि बारदोली सत्याग्रह (1928) का नेतृत्व गांधीजी ने नहीं बल्कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने किया था।

**39. निम्न कथनों में से गांधी के संदर्भ में कौन सही है?**

(a) जातिविहीन अछूतों की दशा में सुधार के लिए कठोर संघर्ष किया।

(b) असहयोग आंदोलन शुरू किया।

(c) सविनय अवज्ञा आंदोलन शुरू किया।

(d) उपर्युक्त सभी

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2013**

**उत्तर–(d)**

गांधीजी ने जातिविहीन अछूतों की दशा में सुधार के लिए कठोर संघर्ष किया, गांधीजी कहते थे कि "हरिजन सेवा मेरा जीवन श्वास है, इसलिए इसके बिना मैं एक क्षण भी जिंदा नहीं रह सकता।" गांधीजी ने असहयोग आंदोलन तथा सविनय अवज्ञा आंदोलन को प्रारंभ किया था, अतः उपर्युक्त सभी विकल्प सही हैं।

**40. महात्मा गांधी को सर्वप्रथम 'राष्ट्रपिता' किसने कहा था?**

(a) जवाहरलाल नेहरू (b) वल्लभभाई पटेल

(c) सी. राजगोपालाचारी (d) सुभाष चंद्र बोस

**I.A.S (Pre) 1993**

**Uttarakhand U.D.A./L.D.A. (Mains) 2007**

**U.P.P.C.S. (Pre) 2008**

**U.P. P.S.C. (GIC) 2010**

**उत्तर–(d)**

महात्मा गांधी को सर्वप्रथम 'राष्ट्रपिता' सुभाष चंद्र बोस ने कहा था।

**41. गांधी के नाम के पहले 'महात्मा' जोड़ा गया–**

(a) चंपारण सत्याग्रह के दौरान

(b) रौलेट एक्ट के विरुद्ध सत्याग्रह के दौरान

(c) 1919 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अमृतसर अधिवेशन में



Scanned with OKEN Scanner

(d) खिलाफत आंदोलन के आरंभ के समय

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2002**

**U.P. P.C.S. (Pre) 2001**

**उत्तर–(a)**

गांधीजी द्वारा चंपारण सत्याग्रह का सफल नेतृत्व करने के कारण रबींद्रनाथ टैगोर ने पहली बार उन्हें 'महात्मा' कहा।

**42. निम्नलिखित में से किसने गांधीजी को सर्वप्रथम 'महात्मा' के तौर पर संबोधित किया था?**

(a) जवाहरलाल नेहरू ने (b) मदन मोहन मालवीय ने

(c) रबींद्रनाथ टैगोर ने (d) सुभाष चंद्र बोस ने

**U.P.P.C.S. (Mains) 2010**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**43. नोआखाली काल में महात्मा गांधी के सचिव कौन थे?**

(a) निर्मल कुमार बोस (b) महादेव देसाई

(c) प्यारे लाल (d) वल्लभभाई पटेल

**41st B.P.S.C. (Pre) 1996**

**उत्तर–(c)**

नोआखाली काल में प्यारे लाल महात्मा गांधी के सचिव थे। उनकी बहन डॉ. सुशीला नैयर गांधीजी की व्यक्तिगत चिकित्सक थीं। प्यारे लाल ने गांधीजी के दांडी मार्च में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी।

**44. निम्नलिखित में से किस सत्याग्रह आंदोलन में गांधीजी ने प्रत्यक्ष रूप से भाग नहीं लिया?**

(a) राजकोट सत्याग्रह (b) खेड़ा सत्याग्रह

(c) वायकोम सत्याग्रह (d) असहयोग आंदोलन

**41st B.P.S.C. (Pre) 1996**

**उत्तर–(c)**

वायकोम के मंदिर प्रवेश सत्याग्रह में गांधीजी ने प्रत्यक्ष रूप से भाग नहीं लिया था, जबकि खेड़ा सत्याग्रह, राजकोट सत्याग्रह तथा असहयोग आंदोलन का नेतृत्व स्वयं गांधीजी ने किया था। राजकोट सत्याग्रह (1939) के संबंध में महात्मा गांधी के चार दिनों के अनशन के बाद वायसराय की मध्यस्थता से राजकोट के शासक समझौते पर राजी हुए थे।

**45. भारतीय इतिहास के संदर्भ में वायकोम सत्याग्रह के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

**1. यह अस्पृश्यता और जातिगत भेदभाव के विरुद्ध एक सत्याग्रह था।**

**2. महात्मा गांधी ने इस सत्याग्रह में भाग लिया था।**

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।**

कूट :

(a) केवल 1 (b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2

**U.P.P.C.S. (Pre) 2021**

**उत्तर–(c)**

केरल के हिंदू समाज में अस्पृश्यता तथा जातिगत भेदभाव के विरुद्ध तत्कालीन त्रावणकोर (वर्तमान में केरल का अंग) में एक सामाजिक विरोध प्रदर्शन का आयोजन हुआ था, जिसे वायकोम सत्याग्रह (1924-25) नाम दिया गया था। यद्यपि गांधीजी ने इस आंदोलन में प्रत्यक्ष रूप से भाग नहीं लिया था, लेकिन उनका निर्देशन एवं समर्थन इस आंदोलन को प्राप्त था। चूंकि दूसरे कथन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष की बात नहीं की गई है, अतः इस कथन को भी सही माना जा सकता है।

**46. महात्मा गांधी का छत्तीसगढ़ में प्रथम आगमन कब हुआ था?**

(a) 2 अक्टूबर, 1906 (b) 20 दिसंबर, 1920

(c) 1 जुलाई, 1937 (d) 9 सितंबर, 1942

**Chhattisgarh P.C.S (Pre) 2005**

**उत्तर–(b)**

छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी का प्रथम आगमन 20 दिसंबर, 1920 को रायपुर स्थित धमतारी में हुआ था। इसके अतिरिक्त वे 24 नवंबर, 1933 को भी यहां आए थे।

**47. गांधी के निम्नलिखित अनुयायियों में से कौन पेशे से एक शिक्षक था?**

(a) ए.एन.सिन्हा (b) बृज किशोर प्रसाद

(c) जे.बी.कृपलानी (d) राजेंद्र प्रसाद

**I.A.S. (Pre) 2008**

**उत्तर–(c)**

प्रश्नगत विकल्प में गांधी के अनुयायियों में से जे.बी. कृपलानी पेशे से केवल शिक्षक थे। शेष अन्य ने मुख्यतः पेशे के रूप में वकालत के कार्य को चुना था। यद्यपि राजेंद्र प्रसाद ने कुछ समय के लिए शिक्षण कार्य भी किया था लेकिन मुख्यतः वह वकील थे।

**48. निम्न उद्योगपतियों में से कौन-से व्यक्ति लंबे समय तक ए.आई.सी.सी. के खजांची रहे तथा सन् 1930 में जेल भी गए?**

(a) जी.डी. बिड़ला (b) जमनालाल बजाज

(c) जे.आर.डी. टाटा (d) बालचंद हीराचंद

**47th B.P.S.C. (Pre) 2005**

**उत्तर–(b)**

सेठ जमनालाल बजाज गांधीजी के निकट सहयोगियों में से थे। वे लंबे समय तक भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रहे थे। वे वर्ष 1923 में झंडा सत्याग्रह में भाग लेने के लिए तथा पुनः वर्ष 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान जेल गए थे।



Scanned with OKEN Scanner

49. "भारतीय कपड़ा व्यापारी, बैंकर, कांग्रेसी तथा महात्मा गांधी का निकट सहयोगी है," यह उपयुक्त विवरण है–
(a) जी.डी. बिड़ला का (b) एम.आर. जयकर का
(c) जमनालाल बजाज का (d) वी.एस. श्रीनिवास शास्त्री का
I.A.S. (Pre) 1993

उत्तर–(c)

जमनालाल बजाज कपड़ा व्यापारी, बैंकर, कांग्रेसी सामाजिक कार्यकर्ता और महात्मा गांधी के निकट सहयोगी थे।

50. स्वाधीनता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी के करीबी अंग्रेज मित्र थे–
(a) रेवरेंड थॉमस मूर (b) ए.ओ. ह्यूम
(c) रेवरेंड चार्ली एन्ड्रूज (d) विलियम बावेल
46th B.P.S.C. (Pre) 2004

उत्तर–(c)

चार्ल्स एन्ड्रूज (दीनबंधु एन्ड्रूज) सेंट स्टीफेन कॉलेज, दिल्ली में प्राध्यापक थे। भारतीयों से इनका गहरा लगाव था और वे हर तरह से भारतीय बनना चाहते थे। रबींद्रनाथ टैगोर, गोपाल कृष्ण गोखले तथा महात्मा गांधी से इनके घनिष्ठ संबंध थे। ये दक्षिण अफ्रीका के फीनिक्स फार्म में गांधीजी के साथ रहे थे। गांधीजी ने ही गरीबों के प्रति इनकी निरंतर चिंता को देखते हुए उन्हें 'दीनबंधु' की उपाधि से सम्मानित किया था। एन्ड्रूज वर्ष 1925 और 1927 में 'ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन' (All India Trade Union) के अध्यक्ष भी रहे। गोलमेज सम्मेलन में भाग लेने के लिए वे गांधीजी के साथ एक सहयोगी के रूप में लंदन गए थे।

51. 1920 में महात्मा गांधी के साथ निम्नलिखित में से किस मुस्लिम नेता का छत्तीसगढ़ आगमन हुआ था?
(a) मौलाना मुहम्मद अली (b) मौलाना शौकत अली
(c) मौलाना आजाद (d) मौलाना रहमत अली
Chhattisgarh P.C.S. (Pre) 2018

उत्तर–(b)

वर्ष 1920 में महात्मा गांधी द्वारा छत्तीसगढ़ की यात्रा की गई, जिसमें उनके साथ मौलाना शौकत अली भी थे। गांधीजी द्वारा यह यात्रा पंडित सुंदरलाल शर्मा के आमंत्रण पर की गई थी। मौलाना शौकत अली प्रमुख राष्ट्रवादी नेता थे, जो कि खिलाफत कमेटी के भी सदस्य रहे। उनके भाई मौलाना मुहम्मद अली ने द कॉमरेड नामक पत्र निकाला। शौकत अली ने प्रथम एवं द्वितीय गोलमेज सम्मेलनों में भी भाग लिया।

52. निम्नलिखित में से किस कारागार को गांधीजी ने 'मंदिर' का नाम दिया था?
(a) नैनी (b) यरवदा
(c) सेल्यूलर (पोर्ट ब्लेयर) (d) आगाखान पैलेस
U.P. Lower Sub. (Mains) 2015

उत्तर–(b)

यरवदा कारागार (महाराष्ट्र के पुणे जिले में स्थित) में गांधीजी को वर्ष 1930 में बंदी के रूप में भेजा गया था। यहां से गांधीजी साबरमती के आश्रमवासियों को प्रत्येक सप्ताह पत्र के रूप में अपने संदेश भेजा करते थे। यरवदा जेल में गांधीजी ने अपने अनुभवों एवं आध्यात्मिक प्रगति की समीक्षा करते हुए यरवदा कारागार को 'मंदिर' की संज्ञा दी।

53. भारत की स्वाधीनता के समय महात्मा गांधी–
(a) कांग्रेस कार्यकारिणी समिति के सदस्य थे।
(b) कांग्रेस के सदस्य नहीं थे।
(c) कांग्रेस के अध्यक्ष थे।
(d) कांग्रेस के महासचिव थे।
I.A.S. (Pre) 1993

उत्तर–(b)

भारत की स्वाधीनता के समय गांधीजी कांग्रेस के सदस्य नहीं थे। वर्ष 1934 में गांधीजी ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया था तथा वे फिर कांग्रेस के औपचारिक रूप से सदस्य नहीं बने तथापि राजनीतिक परिदृश्यों पर उनका शक्तिशाली मार्गदर्शी प्रभाव छाया रहा।

54. गांधीजी की मृत्यु पर किसने कहा था "हमारे जीवन से प्रकाश चला गया है ?"
(a) लॉर्ड माउंटबेटन (b) डॉ. राजेंद्र प्रसाद
(c) डॉ. एस. राधाकृष्णन (d) जवाहरलाल नेहरू
M.P P.C.S. (Pre) 1995

उत्तर–(d)

30 जनवरी, 1948 को नाथूराम गोडसे ने गांधीजी को गोली मार दी। उनकी मृत्यु पर भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू ने कहा था–"हमारे जीवन से प्रकाश चला गया है, हमारे चतुर्दिक अंधकार ही अंधकार है, मैं नहीं समझ पा रहा हूं कि आपसे क्या कहूं और कैसे कहूं? राष्ट्रपिता, जिन्हें हम प्यार से 'बापू' कहते थे, हमारे बीच नहीं रहे......।"

55. गांधीजी को 'वन मैन बाऊंडरी फोर्स' कहकर किसने संबोधित किया?
(a) चर्चिल ने (b) एटली ने
(c) माउंटबेटन ने (d) साइमन ने
U.P. P.C.S. (Pre) (Re-Exam) 2015

उत्तर–(c)

माउंटबेटन ने गांधीजी को 'वन मैन बाऊंडरी फोर्स' की उपाधि प्रदान की थी तथा कहा "जो काम 50 हजार हथियार बंद सिपाही नहीं कर सकते थे वह काम गांधीजी ने कर दिखाया"।



Scanned with OKEN Scanner

56. निम्न में से किसने महात्मा गांधी को आदेशित किया था कि वह भारत में प्रथम वर्ष 'खुले कान पर मुंह बंद कर' व्यतीत करें?
(a) दादाभाई नौरोजी (b) बाल गंगाधर तिलक
(c) फिरोजशाह मेहता (d) गोपाल कृष्ण गोखले
U.P.P.C.S. (Mains) 2014

उत्तर—(d)

महात्मा गांधी गोपाल कृष्ण गोखले को अपना राजनीतिक गुरु मानते थे। गोपाल कृष्ण गोखले ने ही महात्मा गांधी को आदेशित किया था कि वह भारत में प्रथम वर्ष 'खुले कान के साथ लेकिन मुंह बंद कर' व्यतीत करें।

57. भारतीय राजनीति में प्रवेश के पूर्व एक वर्ष तक देश में पर्यवेक्षक एवं विद्यार्थी के रूप में रहने की सलाह गांधीजी को किसने दी थी?
(a) एनी बेसेंट (b) बाल गंगाधर तिलक
(c) गोपाल कृष्ण गोखले (d) रवींद्रनाथ टैगोर
U.P. Lower Sub. (Mains) 2015

उत्तर—(c)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

58. निम्नलिखित में से कौन कहा करते थे—''गलत साधन हमें कभी भी सही उद्देश्य तक नहीं ले जाते हैं''?
(a) सरदार पटेल (b) एम.के. गांधी
(c) लाला लाजपत राय (d) जवाहरलाल नेहरू
U.P.P.C.S. (Mains) 2015

उत्तर—(b)

महात्मा गांधी कहा करते थे की ''गलत साधन हमें कभी भी सही उद्देश्य तक नहीं ले जाते हैं।''

59. निम्नलिखित में से कौन इस सिद्धांत के प्रबल समर्थक थे कि ''जो नैतिक दृष्टिकोण से गलत है, वह राजनीति दृष्टिकोण से कभी सही नहीं हो सकता है''?
(a) जवाहरलाल नेहरू (b) सरदार पटेल
(c) एम.के. गांधी (d) सी. राजगोपालाचारी
U.P.P.C.S. (Mains) 2015

उत्तर—(c)

महात्मा गांधी राजनीति में नैतिक मूल्यों की स्थापना के प्रबल समर्थक थे। उनका मानना था कि नैतिकताविहीन राजनीति राज्य को गर्त में मिला सकती है। वे मानते थे कि जो नैतिक दृष्टिकोण से गलत है, वह राजनीतिक दृष्टिकोण से कभी सही नहीं हो सकता है। इसीलिए गांधीजी के बारे में कहा जाता है कि वे राजनीतिज्ञों में संत थे और संतों में राजनीतिज्ञ थे।

60. गांधीजी ने अपना पहला सत्याग्रह आरंभ किया—
(a) तुर्की पर ब्रिटिश आक्रमण के विरुद्ध
(b) 1935 के भारत सरकार अधिनियम के विरुद्ध
(c) मजदूरों को कम वेतन दिए जाने के विरुद्ध
(d) रौलेट एक्ट के विरुद्ध
Uttarakhand P.C.S (Pre) 2002
U.P Lower Sub. (Pre) 1998

उत्तर—(c)

गांधीजी ने सत्याग्रह का प्रथम प्रयोग वर्ष 1917 में चंपारण में किया था तथा उसके बाद इसका दूसरा प्रयोग उन्होंने फरवरी-मार्च, 1918 में अहमदाबाद की कॉटन मिल के औद्योगिक मजदूरों की कम मजदूरी के विरुद्ध संघर्ष हेतु किया। प्रस्तुत प्रश्न के उत्तर हेतु दिए गए विकल्पों में चंपारण का नाम न होने के कारण अहमदाबाद के सत्याग्रह प्रयोग का ही प्रथम सत्याग्रह के रूप में चयन किया जाएगा। अहमदाबाद में मिल-मालिकों और मजदूरों में प्लेग-बोनस को लेकर विवाद था। गांधीजी के तीन दिन के अनशन (जो कि भारत में उनकी प्रथम भूख हड़ताल थी) के बाद मिल-मालिक इस मामले में मध्यस्थता के लिए तैयार हो गए और अंततः उन्हें बोनस देना पड़ा।

61. निम्न में से किस आंदोलन में महात्मा गांधी ने पहली बार भूख हड़ताल का प्रयोग हथियार के रूप में किया था?
(a) असहयोग आंदोलन (b) रौलेट सत्याग्रह
(c) अहमदाबाद की हड़ताल (d) बारदोली सत्याग्रह
U.P. P.C.S. (Pre) 2010

उत्तर—(c)

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

62. महात्मा गांधी ने भारत में अपना पहला जनभाषण कहां दिया था?
(a) बंबई में (b) लखनऊ में
(c) चंपारण में (d) वाराणसी में
U.P.P.C.S. (Mains) 2015

उत्तर—(d)

महात्मा गांधी ने भारत में अपना पहला जनभाषण फरवरी, 1916 में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के उद्घाटन समारोह के अवसर पर दिया था।

63. गांधीजी ने बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराने का अभियान कहां से आरंभ किया था?
(a) पटना (b) कलकत्ता
(c) बंबई (d) गोरखपुर
U.P. Lower Sub. (Mains) 2015

उत्तर—(*)


Scanned with OKEN Scanner

महात्मा गांधी ने भारत में सत्याग्रह आंदोलन की शुरुआत बिहार के चंपारण से की थी। चंपारण में किसानों को एक बीघा जमीन के 3/20वें भाग (तीन कट्ठा) पर नील की खेती हेतु अंग्रेजों द्वारा बाध्य किया जाता था। इसे तिनकठिया पद्धति कहते थे। नील की खेती करने से इंकार करने पर अंग्रेज किसानों पर अत्याचार करते थे। इसके अतिरिक्त किसानों पर लगभग 40 प्रकार के कर थोपे गए थे। बिहार के एक किसान राजकुमार शुक्ल ने गांधीजी से मिलकर अंग्रेजों के अत्याचार से किसानों को मुक्ति दिलाने की प्रार्थना की। गांधीजी के कलकत्ता प्रवास के दौरान राजकुमार शुक्ल के साथ गांधीजी अप्रैल, 1917 में चंपारण गए तथा किसानों के अंग्रेजों की बंधुआ मजदूरी से मुक्ति हेतु सत्याग्रह आरंभ किया। जुलाई, 1917 में 'चंपारण एग्रेरियन कमेटी' का गठन किया गया। गांधीजी भी इसके सदस्य थे। इस कमेटी के प्रतिवेदन पर 'तिनकठिया प्रणाली' को समाप्त कर दिया गया।

**64. 1917-18 में अहमदाबाद में गांधीजी द्वारा चलाए गए सत्याग्रह में किसने हिस्सा लिया था?**

(a) कृषक वर्ग (b) मध्यम वर्ग
(c) जनता (d) मजदूर

**39th B.P.S.C. (Pre) 1994**

**उत्तर–(d)**

चंपारण की सफलता के बाद गांधीजी का अगला प्रयोग वर्ष 1918 में अहमदाबाद की एक कॉटन टेक्सटाइल मिल में मिल-मालिकों और मजदूरों के बीच मजदूरी बढ़ाने को लेकर चल रहे विवाद में हस्तक्षेप करना था। यह विवाद प्लेग-बोनस को लेकर था। प्लेग का प्रकोप खत्म होने के बाद मालिक इसे समाप्त करना चाहते थे, जबकि मजदूर इसे बरकरार रखने की मांग कर रहे थे। उत्पादन लागत, मुनाफा और मजदूरों के जीवन-निर्वाह खर्च का गहराई से अध्ययन करने के बाद गांधीजी ने घोषणा की मजदूरों को 35 प्रतिशत बोनस मिलना चाहिए। मिल-मालिकों द्वारा गांधीजी के अनशन के बाद गठित ट्रिब्यूनल ने इनकी बात मान ली।

**65. निम्नलिखित में से महात्मा गांधी का कौन-सा संघर्ष औद्योगिक श्रमिकों से संबंधित था?**

(a) चंपारण सत्याग्रह
(b) अहमदाबाद संघर्ष
(c) खेड़ा संघर्ष
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**U.P P.C.S. (Pre) 2002**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**66. निम्नलिखित में से किसके लिए अहमदाबाद सत्याग्रह आरंभ किया गया था?**

(a) किसानों के लिए
(b) सूती मिल कामगारों के लिए
(c) आभूषण कारीगरों के लिए
(d) प्रेस की स्वतंत्रता के लिए

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2015**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**67. गांधीजी के ट्रस्टीशिप के सिद्धांत के प्रतिपाद्य के संबंध में निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा एक सही है?**

(a) दक्षिण अफ्रीका-1903 (b) लंदन-1904
(c) दिल्ली-1905 (d) अहमदाबाद-1906

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2013**

**उत्तर–(a)**

गांधीजी ने वर्ष 1903 में जोहॉन्सबर्ग में अपनी लॉ फर्म स्थापित की थी जहां वे वर्ष 1910 तक रहे। गांधीजी ने अपनी लॉ फर्म में ट्रस्टीशिप के सिद्धांतों को लागू किया था। विकल्प में दिए गए अन्य शहरों के साथ जो वर्ष दिए गए हैं उन वर्षों के दौरान गांधीजी जोहॉन्सबर्ग में ही थे।

**68. गांधीवादी अर्थव्यवस्था के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही नहीं है?**

(a) वे अहिंसा पर आधारित अर्थव्यवस्था पर बल देते थे।
(b) केंद्रीकरण शोषण और असमानता को जन्म देता है, अतएव अहिंसक सामाजिक संरचना केंद्रीकरण विरोधी है।
(c) वे भारत में मशीनीकरण के पक्षधर नहीं थे।
(d) वे यू.एस.ए. में मशीनीकरण के पक्षधर नहीं थे।

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2013**

**उत्तर–(d)**

गांधीजी का विचार था कि प्रत्येक देश की अर्थव्यवस्था, वहां कि जलवायु, भूमि तथा वहां के निवासियों के स्वभाव को ध्यान में रखते हुए निश्चित की जानी चाहिए और इन बातों के आधार पर जहां तक अमेरिका का संबंध है उन्होंने वहां के मशीनीकरण का विरोध नहीं किया था। जबकि विकल्प (a), (b) तथा (c) का समर्थन गांधीजी करते थे।

**69. एम.के. गांधी के अनुसार, अस्पृश्यों का सामाजिक-आर्थिक सुधार संपन्न किया जा सकता है–**

(a) उनके मंदिर प्रवेश द्वारा
(b) उनको सहायता प्रदान करके
(c) उनके सामाजिक-आर्थिक विकास हेतु कोष अलग करके
(d) उनके लिए कुटीर उद्योग स्थापित करके

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2013**

**उत्तर–(d)**



Scanned with OKEN Scanner

गांधीजी की अर्थनीति सभी तरह के शोषण का विरोध करती है चाहे वह शोषण देश के भीतर एक वर्ग द्वारा दूसरे वर्ग का हो या बाहर से हो। गांधीजी इसको दूर करने के लिए ऐसी प्रणाली कायम करना चाहते थे, जिसमें व्यक्ति अपने मौलिक प्रयत्न के द्वारा स्वतंत्र वातावरण में श्रम और कार्य कर सके, इसके लिए वे स्वदेशी उद्योगों का पुनरुद्धार करना चाहते थे ताकि लोगों को पर्याप्त भोजन मिल सके और वे भूख से पीड़ित न हो। इसके लिए गांधीजी ने कुटीर उद्योगों जैसे- गुड़ बनाना, घास कूटना, तेल पेरना, कागज बनाना, चमड़े का काम आदि पर जोर दिया। इससे गांधीजी का मानना था कि गरीबों और शोषितों का आर्थिक और सामाजिक सुधार करने में मदद मिलेगी।

**70. 'गांधियन इनोवेशन' (गांधीजी का नवाचार) का तात्पर्य है–**

(a) अधिक उत्पादन से

(b) घरेलू अर्थव्यवस्था में अधिक उत्पादन से

(c) उपभोग के लिए उत्पादन से

(d) कम निवेश से अधिक उत्पादन अधिक लोगों के लिए

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2015**

**उत्तर–(d)**

'गांधियन इनोवेशन' (गांधीजी का नवाचार) का तात्पर्य है 'कम निवेश से अधिक उत्पादन अधिक लोगों के लिए'। यह शब्दावली सर्वप्रथम प्रोफेसर प्रह्लाद एवं आर.ए. माशेलकर द्वारा प्रयोग किया गया था।

**71. कौन-सी घटना सबसे पहले हुई?**

(a) खेड़ा सत्याग्रह (b) सविनय अवज्ञा आंदोलन

(c) असहयोग आंदोलन (d) चंपारण सत्याग्रह

**Uttarakhand P.C.S. (Mains) 2006**

**उत्तर–(d)**

दी गई घटनाओं का काल इस प्रकार है :

| | | |
|---|---|---|
| खेड़ा सत्याग्रह | - | वर्ष 1918 में |
| सविनय अवज्ञा आंदोलन | - | वर्ष 1930 में |
| असहयोग आंदोलन | - | वर्ष 1920 में |
| चंपारण सत्याग्रह | - | वर्ष 1917 में |

इस प्रकार उपर्युक्त घटनाओं में बिहार में हुआ चंपारण सत्याग्रह (भारत में गांधीजी का प्रथम सत्याग्रह) सर्वप्रथम घटना है। 19वीं सदी के आरंभ में गोरे बागान मालिकों ने चंपारण के किसानों से एक अनुबंध के आधार पर यह विनिश्चित करा लिया था कि उन्हें अपनी जमीन के 3/20वें भू-भाग में नील की खेती करना अनिवार्य है, जिसे 'तिनकठिया पद्धति' के नाम से जाना जाता था। राजकुमार शुक्ल के आग्रह पर वर्ष 1917 में गांधीजी ने चंपारण सत्याग्रह की शुरुआत की थी।

**72. किसने यूरोपियन नील बागान मालिकों द्वारा किसानों के शोषण की तरफ गांधीजी का ध्यान आकर्षित किया?**

(a) बाबा रामचंद्र (b) राजकुमार शुक्ल

(c) स्वामी सहजानंद सरस्वती (d) श्री कृष्ण सिन्हा

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/ उपर्युक्त में से एक से अधिक

**Bihar P.C.S. (Pre.) 2016**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**73. चंपारण में इंडिगो के किसानों की दशा की ओर गांधीजी का ध्यान किसने आकर्षित किया?**

(a) राजेंद्र प्रसाद (b) अनुग्रह नारायण सिन्हा

(c) आचार्य कृपलानी (d) राजकुमार शुक्ल

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th B.P.S.C (Pre) 2020**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**74. चंपारण में 'तिनकठिया प्रथा' का तात्पर्य था–**

(a) 3/20 भू-भाग पर नील की खेती करना।

(b) 3/19 भू-भाग पर नील की खेती करना।

(c) 3/18 भू-भाग पर नील की खेती करना।

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**U.P. P.C.S. (Pre) 2013**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**75. गांधीजी ने भारत में पहली बार सत्याग्रह आंदोलन बिहार में कहां प्रारंभ किया गया?**

(a) पटना (b) गया

(c) मधुबनी (d) चंपारण

**48th to 52nd B.P.S.C. (Pre) 2008**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**76. गांधीजी का चंपारण आंदोलन था–**

(a) हरिजनों के अधिकारों की सुरक्षा हेतु

(b) सविनय अवज्ञा आंदोलन हेतु

(c) हिंदू समाज की एकता बनाए रखने हेतु

(d) नील कर्मियों की समस्याओं के समाधान हेतु

**U.P. P.C.S. (Mains) 2012**

**उत्तर–(d)**



Scanned with OKEN Scanner

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**77. गांधीजी का चंपारण सत्याग्रह किससे जुड़ा था?**

(a) इजारेदारी (b) तिनकठिया

(c) जेनमीस (d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**39th B.P.S.C. (Pre) 1994**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**78. चंपारण जनपद में 'तिनकठिया' प्रथा का तात्पर्य था–**

(a) किसानों द्वारा 3/20 भू-भाग पर नील की खेती (Cultivation of Indigo) करना

(b) किसानों द्वारा 3/21 भू-भाग पर नील की खेती करना

(c) किसानों द्वारा 3/19 भू-भाग पर नील की खेती करना

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**U.P. U.D.A./L.D.A. (Pre) 2002**

**U.P. P.C.S. (Pre) 2003**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**79. 'तीनकठिया' कानून किस स्थान पर किसकी खेती से संबंधित है?**

(a) गोरखपुर-अफीम (b) बेगूसराय-धान

(c) चंपारण-नील (d) बर्दबान-धान

**U.P. Lower Sub. (Mains) 2015**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**80. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

**1. डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने महात्मा गांधी को चंपारण आने तथा कृषकों की समस्या की जांच करने के लिए राजी किया।**

**2. चंपारण जांच में आचार्य जे.बी. कृपलानी महात्मा गांधी के सहयोगियों में से एक थे।**

**ऊपर दिए गए कथनों में कौन-सा/से सही हैं?**

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**I.A.S. (Pre) 2010**

**उत्तर–(b)**

महात्मा गांधी को चंपारण आने तथा कृषकों की समस्या की जांच करने के लिए पं. राजकुमार शुक्ल ने राजी किया था तथा चंपारण समस्या की जांच में गांधीजी के सहयोगियों में आचार्य जे.बी. कृपलानी के साथ डॉ. राजेंद्र प्रसाद, महादेव देसाई, सी.एफ. एंड्रूज, डॉ. अनुग्रह नारायण सिन्हा, राज किशोर प्रसाद, एच.एस. पोलाक इत्यादि शामिल थे।

**81. चंपारण संघर्ष में निम्नलिखित में से किन्होंने महात्मा गांधी का साथ दिया था?**

(a) वल्लभभाई पटेल और विनोबा भावे

(b) जवाहरलाल नेहरू और राजेंद्र प्रसाद

(c) राजेंद्र प्रसाद और अनुग्रह नारायण सिन्हा

(d) महादेव देसाई और मणिबेन पटेल

**U.P. P.C.S. (Pre) 1999**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**82. निम्नलिखित में से कौन महात्मा गांधी के चंपारण सत्याग्रह से संबद्ध है?**

(a) वल्लभभाई पटेल (b) मदन मोहन मालवीय

(c) शौकत अली (d) राजकुमार शुक्ल

**U.P.P.C.S. (Mains) 2006**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

**83. चंपारण आंदोलन मुख्यतः किसके विरोध में था?**

(a) भू-राजस्व

(b) नकदी फसल

(c) ब्रिटिश सरकार की कृषि नीति

(d) भू-अनुदान

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**66th B.P.S.C. (Pre) (Re-Exam) 2020**

**उत्तर–(b)**

चंपारण आंदोलन (1917) मुख्य रूप से नकदी फसल के विरोध स्वरूप प्रारंभ किया गया था। 20वीं शताब्दी के प्रारंभ में अंग्रेजी सरकार ने बिहार के चंपारण में 'तिनकठिया' व्यवस्था लागू कर दी थी। इस व्यवस्था के तहत प्रत्येक किसान को अपनी जमीन के 3/20 भाग पर नील की खेती करना अनिवार्य था। इसी व्यवस्था के विरोध स्वरूप महात्मा गांधी द्वारा चंपारण सत्याग्रह प्रारंभ किया गया था, जिसके फलस्वरूप चंपारण कृषि राहत अधिनियम, 1918 बनाकर इस प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया गया।



Scanned with OKEN Scanner

84. **भारत में नियोजित विकास का विरोध किसने किया?**
(a) महात्मा गांधी (b) जवाहरलाल नेहरू
(c) इंदिरा गांधी (d) राजीव गांधी
**U.P.P.C.S. (Pre) 2019**

**उत्तर–(a)**

प्रश्नगत विकल्पों में भारत में नियोजित विकास का विरोध महात्मा गांधी ने किया था। गांधीजी वस्तुतः औद्योगीकरण और मशीनीकरण के विरोधी थे। उन्होंने कुटीर और ग्रामीण उद्योगों का समर्थन करने के साथ ग्राम को अर्थव्यवस्था की आधारभूत इकाई माना। उन्होंने मशीनों के प्रयोग के स्थान पर श्रमपरक उद्यमों को अधिक महत्व दिया ताकि अधिकाधिक लोगों को रोजगार मिल सके। उनकी ग्राम स्वराज की अवधारणा के तहत ग्राम ऐसी आर्थिक इकाई थे, जहां के निवासियों की सभी आवश्यकताएं वहीं के उत्पादों से पूरी हो सकें।

85. **चंपारण आंदोलन से कौन संबंधित नहीं था?**
(a) राजेंद्र प्रसाद (b) अनुग्रह नारायण सिन्हा
(c) जे.बी. कृपलानी (d) जयप्रकाश नारायण
**42nd B.P.S.C. (Pre) 1997**

**उत्तर–(d)**

चंपारण आंदोलन (1917) में गांधीजी का साथ राजकुमार शुक्ल, राजेंद्र प्रसाद, अनुग्रह नारायण सिन्हा, जे.बी. कृपलानी, महादेव देसाई, नरहरि पारेख आदि ने दिया था। जयप्रकाश नारायण चंपारण आंदोलन से संबंधित नहीं थे।

86. **ई. स. 1917 के चंपारण सत्याग्रह से कौन संबंधित नहीं है?**
(a) जे.बी. कृपलानी (b) राजकुमार शुक्ल
(c) राजेंद्र प्रसाद (d) राम मनोहर लोहिया
(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक
**67th B.P.S.C. (Pre) 2021**

**उत्तर–(d)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

87. **निम्नलिखित में से कौन-सा एक चंपारण सत्याग्रह का अति महत्वपूर्ण पहलू है?**
(a) राष्ट्रीय आंदोलन में अखिल भारतीय स्तर पर अधिवक्ताओं, विद्यार्थियों और महिलाओं की सक्रिय सहभागिता
(b) राष्ट्रीय आंदोलन में भारत के दलित और आदिवासी समुदायों की सक्रिय भागीदारी
(c) भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में किसान असंतोष का सम्मिलित होना
(d) रोपण फसलों तथा वाणिज्यिक फसलों की खेती में भारी गिरावट
**I.A.S. (Pre) 2018**

**उत्तर–(d)**

19वीं सदी के खत्म होते-होते जर्मनी के रासायनिक रंगों (डाई) ने नील को बाजार से बाहर खदेड़ दिया। चंपारण के यूरोपीय बागान मालिक नील की खेती बंद करने के लिए मजबूर हो गए। किसान भी मजबूरन नील की खेती से छुटकारा पाना चाहते थे। गोरे बागान मालिकों ने किसानों की मजबूरी का फायदा उठाना चाहा। किसानों को अनुबंध से मुक्त करने के लिए लगान व अन्य गैर-कानूनी अबवाबो की दर मनमाने ढंग से बढ़ा दी गई। वर्ष 1908 से इसके खिलाफ विरोध काफी मुखर हुआ, किंतु बागान मालिकों का लूट का कारोबार चलता रहा। रोपण फसलों तथा वाणिज्यिक फसलों की खेती में भारी गिरावट ही वर्ष 1917 में हुए चंपारण सत्याग्रह का महत्वपूर्ण कारक था।

88. **चंपारण कृषीय जांच समिति का सदस्य निम्नलिखित में से कौन नहीं था?**
(a) एफ.जी. स्लाई (b) डी.जे. रीड
(c) अनुग्रह नारायण (d) महात्मा गांधी
**R.O./A.R. O. (Pre.) 2017**

**उत्तर–(c)**

चंपारण कृषीय जांच समिति के अध्यक्ष एफ.जी. स्लाई थे। इसके सदस्य थे- डी.जे. रीड, महात्मा गांधी, एल.सी. अदामी, राजा हरिप्रसाद नारायण सिंह और जी. रैनी ।

89. **दक्षिण अफ्रीका से लौटने के पश्चात, गांधीजी ने प्रथम सफल सत्याग्रह (Satyagraha) आरंभ किया–**
(a) चौरी-चौरा में (b) डांडी में
(c) चंपारण में (d) बारदोली में
**I.A.S. (Pre) 2000**
**U.P.P.C.S. (Pre) 2011**

**उत्तर–(c)**

दक्षिण अफ्रीका से जनवरी, 1915 में लौटने के बाद गांधीजी ने अपना प्रथम सफल सत्याग्रह बिहार के चंपारण जिले में वर्ष 1917 में किया। वर्ष 1917 में चंपारण के एक किसान राजकुमार शुक्ल ने गांधीजी से लखनऊ में भेंट की और उन्हें चंपारण आने का आग्रह किया। चंपारण का मामला बहुत पुराना था। 19वीं सदी के समाप्त होते-होते जर्मनी के रासायनिक रंगों ने बाजार में नील का स्थान ले लिया। फलस्वरूप चंपारण के यूरोपीय बागान मालिक नील की खेती बंद करने के लिए विवश हो गए। किसान भी नील की खेती से छुटकारा पाना चाहते थे। गोरे बगान मालिकों ने किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें अनुबंध से मुक्त करने के लिए लगान एवं अन्य गैर-कानूनी (करों) की दर मनमाने ढंग से बढ़ा दी। किसानों के इसी उत्पीड़न के विरोध में गांधीजी ने चंपारण सत्याग्रह प्रारंभ किया था।



Scanned with OKEN Scanner

90. **गांधीजी को चंपारण आने का आमंत्रण किसने दिया था?**

(a) राजकुमार शुक्ल (b) राजेंद्र प्रसाद

(c) जयप्रकाश नारायण (d) कृष्ण सहाय

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**67th B.P.S.C. (Pre) 2021**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

91. **महात्मा गांधी ने सर्वप्रथम किस किसान आंदोलन में भाग लिया?**

(a) खेड़ा (b) चंपारण

(c) बारदोली (d) बारोडा

**42nd B.P.S.C. (Pre) 1997**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

92. **निम्नलिखित स्थानों में से कहां महात्मा गांधी ने भारत में सर्वप्रथम सत्याग्रह प्रारंभ किया?**

(a) अहमदाबाद (b) बारदोली

(c) चंपारण (d) खेड़ा

**I.A.S. (Pre) 2007**

**Jharkhand P.C.S. (Pre) 2011**

**U.P.P.C.S. (Spl.) (Mains) 2004**

**U.P.P.C.S. (Mains) 2009**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

93. **बिहार के कौन-से स्थान में गांधीजी ने अपना प्रथम सत्याग्रह किया था?**

(a) चंपारण (b) छपरा

(c) बेतिया (d) पटना

**56th to 59th B.P.S.C. (Pre) 2015**

**उत्तर–(a)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

94. **निम्नलिखित में से किसने नील की खेती के संबंध में चंपारण में महात्मा गांधी को आमंत्रित किया था–**

(a) जे.बी. कृपलानी (b) राजेंद्र प्रसाद

(c) राजकुमार शुक्ल (d) मोतीलाल नेहरू

**U.P.P.C.S (Mains) 2016**

**उत्तर–(c)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

95. **चंपारण में गांधीजी को आमंत्रण किसने दिया?**

(a) राजेंद्र प्रसाद (b) राजकुमार शुक्ल

(c) मजहरुल हक (d) कृष्ण सहाय

(e) उपर्युक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

**B.P.S.C. (Pre) 2018**

**उत्तर–(b)**

उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

96. **निम्नलिखित कथनों में से कौन चंपारण सत्याग्रह के संबंध में सही नहीं है?**

(a) यह किसानों से जुड़ा था।

(b) इसे 'तिनकठिया प्रथा' के विरुद्ध संचालित किया गया था।

(c) डॉ. राजेंद्र प्रसाद तथा जे.बी. कृपलानी ने इसमें एम.के. गांधी को सहयोग दिया था।

(d) यह प्रथम आंदोलन था जिसे एम.के. गांधी ने संपूर्ण भारत के स्तर पर आरंभ किया था।

**U.P.P.C.S. (Mains) 2011**

**उत्तर–(d)**

चंपारण सत्याग्रह मात्र चंपारण तक ही सीमित था तथा वह प्रथम आंदोलन, जिसे गांधीजी ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रारंभ किया था, रौलेट सत्याग्रह (1919) था। चंपारण सत्याग्रह के संबंध में प्रथम तीनों कथन सही हैं।

97. **चंपारण नील आंदोलन के राष्ट्रीय नेता कौन थे?**

(a) महात्मा गांधी (b) बिरसा मुंडा

(c) बाबा रामचंद्र (d) राम सिंह

**48th to 52nd B.P.S.C. (Pre) 2008**

**उत्तर–(a)**

चंपारण नील आंदोलन के राष्ट्रीय नेता महात्मा गांधी थे। वर्ष 1917 में चंपारण में नील की खेती करने वाले किसानों के प्रति यूरोपियन बागान मालिकों के अत्याचारों के विरोध में गांधीजी द्वारा प्रथम सत्याग्रह किया गया। इस आंदोलन में गांधीजी के सहयोगी राजेंद्र प्रसाद, बृजकिशोर, महादेव देसाई, नरहरि पारेख तथा जे.बी. कृपलानी आदि थे।

98. **महात्मा गांधी के चंपारण सत्याग्रह का किसने विरोध किया था?**

(a) रबींद्रनाथ टैगोर (b) एन.जी. रंगा

(c) राजकुमार शुक्ल (d) राजेंद्र प्रसाद

**U.P. P.C.S. (Mains) 2007**

**उत्तर–(b)**

एन.जी. रंगा ने महात्मा गांधी के चंपारण सत्याग्रह का विरोध किया था; जबकि रबींद्रनाथ टैगोर ने चंपारण सत्याग्रह के दौरान हीं इन्हें 'महात्मा' की उपाधि दी थी।



Scanned with OKEN Scanner

99. खेड़ा के किसानों के पक्ष में महात्मा गांधी के सत्याग्रह संघटित करने का क्या कारण था?

1. अकाल पड़ने के बावजूद प्रशासन ने भू-राजस्व की उगाही स्थगित नहीं की थी।
2. प्रशासन का यह प्रस्ताव था कि गुजरात में स्थायी बंदोबस्त लागू कर दिया जाए।

उपर्युक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2

**I.A.S. (Pre) 2011**

**उत्तर–(a)**

वर्ष 1918 में गुजरात के खेड़ा में किसानों की फसल नष्ट हो जाने के बाद भी सरकार ने लगान में छूट नहीं दी थी और भू-राजस्व उगाही स्थगित नहीं की थी। इसी मुद्दे पर महात्मा गांधी ने खेड़ा के किसानों के पक्ष में सत्याग्रह संघटित किया था। खेड़ा आंदोलन प्लेग फैलने और अकाल पड़ने के कारण किसानों के लगान अदा करने में असमर्थ होने और राज्य के प्रति उनमें असंतोष होने के परिणामस्वरूप हुआ था। इस प्रकार कथन 1 सही है, जबकि कथन 2 सही नहीं है।

Scanned with OKEN Scanner